सेवा में
श्रीमान् प्राचार्य जी,
गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय,
नाहन!

विषय:— 17 सितम्बर २०२५ से 02 अक्टूबर तक कैंप आयोजित करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

श्रीमान् जी,

सविनय निवेदन यह है कि NSS इकाई के सभी स्वयंसेवक "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा के तहत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर (15 दिन), 5 घंटे (01:05) का कैंप आयोजित करना चाहते है। कृपा करके आप हमें इन कैंपो को आयोजित करने की अनुमति प्रदान करें। आपकी महती कृपा होगी।

धन्यवाद सहित
समस्त NSS इकाई

# सूचना

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्तुबर 2024 तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

कार्यक्रम अधिकारी
Sureshsharma
Sureshsharma
17/09/24.

प्राचार्य

*गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में "स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम" का आयोजन*

**17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024** तक(१:०० से ५:०० बजे तक)

17 सितंबर 2024

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संदीप शर्मा जी के संरक्षण में आयोजित किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई की तथा जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कैंप के तहत ढाबों मोहल्ला के आस पास साफ सफाई की गई एवं कूड़ा कर्कट को जलाकर नष्ट किया गया।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के समन्वयक आचार्य सुरेश शर्मा भारद्वाज ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है और उसी कड़ी में आज यह स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इन गतिविधियों को भारत सरकार के निर्देशों से माई भारत पोर्टल पर भी अपलोड किया जा रहा है।





18 सितम्बर २०१५ को 'स्वच्छता पखवाड़ा के तहत" दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां करवायी गयी जिसमें सभी स्वंयसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना की करवायी गयी तथा इसकी महता पर सक्षिप्त चर्चा के साथ पुस्तकालय को स्वच्छ किया । साथ हिन्दी कक्षा को साफ किया गया। इन गतिविधियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी 50 स्वंयसेवक उपस्थित रहें लिया । इस कैंप के तहत बावड़ी के पास जाकर परिसर को साफ स्वच्छ किया गया एवं वहां की नालियों को भी सुचारू रूप से स्वच्छ किया गया। अभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर गतिविधियों में भाग में लिया।अंत में सभी को रिफ्रेशमेट बांटी गयी।



19 सितम्बर २०१५ को महाविद्यालय परिसर के मैदान को साफ स्वच्छ किया गया एवं खरपतवार को उखाड़ कर साफ किया गया। महाविद्यालय परिसर में ही फूलों की क्यारियो को संवारा गया गया तथा सुव्यवस्थित् रूप से लगाया गया।साथ ही रसोईघर को साफ किया गया। 19 सितंबर का यह कैंप राम कुंडी मोहल्ले में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से वहां पर साफ सफाई की गई एवं झाड़ियों को उखाड़ कर साफ किया, साथ ही इन गतिविधियों को my bharat portal पर भी अपलोड किया गया।



20 सितम्बर 2024 को आचार्य सुरेश भारद्वाज (कार्यक्रम अधिकारी )द्वारा सभी स्वंयसेवकों को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण समझाया गया। तथा सभी स्वयंसेवकों का पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर करवाया है इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व भी समझाया गया। इस कैंप के तहत बीआरसी ऑफिस के आसपास के परिसर को साफ स्वच्छ किया गया तथा वहां पर इकट्ठे हुए कूड़े को जलाकर नष्ट किया गया। इसकी देख- रेख अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई।




21 सितम्बर २०२५ को पूर्ण रूप से एक दिवसीय कैंप आयोजन किया गया ।इस एक दिवसीय कैंप में महाविद्यालय परिसर एवं मैदान को स्वच्छ साफ किया गया। इस कैंप के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की 2024 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शास्त्री अंतिम वर्ष के छात्र हितेश शर्मा को बनाया गया एवं उपाध्यक्ष शास्त्रीय अंतिम वर्ष की छात्रा संगीता देवी को बनाया गया। इसके साथ ही मंच संचालन समिति ,प्रेस रिपोर्टर समिति ,सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति ,प्रतियोगिता समिति ,जलपान समिति , आय व्यय समिति, धन राशि समिति इत्यादि का गठन भी किया गया।




23 सितम्बर २०२५ को 'स्वच्छता पखवाड़ा'' के तहत संस्कृत महाविद्यालय के आस-पास साफ सफाई की गई । इसके तहत गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के परिसर को पूर्णतः साफ किया गया। इस कैंप में NSS के सभी 50 स्वंयसेवक उपस्थित रहें। इस एक दिवसीय कैंप में कच्चा टैंक के आसपास की सफाई भी की गई।इस कैंप के तहत महाविद्यालय के आस - पास साफ सफाई कर के कूड़ा कर्कट को ही उसे पूर्णतः रूप से जलाकर नष्ट किया गया। यह सभी कार्य कार्यक्रम अधिकारी सुरेश भारद्वाज जी की अध्यक्षता में किया गया । इसमें NSS की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य समितियों का सपूर्ण योगदान रहा।



24 सितम्बर २०२५ को "राष्ट्रीय सेवा योजना " स्थापना दिवस बड़ी से मनाया गया । इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यह स्थापना कार्यक्रम प्राचार्य महोदय डा० सन्दीप शर्मा जी अध्यक्षता में करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यविधि डा० गिरिराज शर्मा जी रहें तथा सभी आचार्य गण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। मन्च सचांलन की अध्यक्षता अंशिता द्वारा करवायी गई। सर्वप्रथम केशव दत्त के द्वारा 'राष्ट्रीय सेवा योजना' गीत गाया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष हितेश शर्मा तथा उपाध्यक्ष संगीता देवी के द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया। इस कडी के दैरान डा० विनिता पाल तथा आचार्य सुरेश शर्मा जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बतलाया गया। नितिन तथा केशव द्वारा पहाडी नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा दक्ष तोमर एवं रजनीश द्वारा पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वंयसेवी इशिका शर्मा द्वारा भाषण दिया गया तथा अंशिता द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् मुख्यतिथि महोदय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व सभी स्वंयसेवकों को समझाया गया। अन्त में प्राचार्य महोदय जी ने सभी स्वयं सेवियों को बधाई देकर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इस कार्यक्रम में सभी स्वंयसेवियों ने बढचढ कर भाग लिया तथा इसको सफल बनाया।




25 सितम्बर २०२५ को ओल्ड ब्लॉक की सुचारू रूप से सफाई की गई। जिसमें मुख्य रूप से ओल्ड ब्लॉक के सभी कमरों को साफ किया गया उसमें लगी दीमक एवं जालों को निकाल कर साफ किया गया। इसके साथ ही रसोई घर को साफ किया गया, एवं ओल्ड ब्लॉक के परिसर में उगी अवांछित घास को उखाड़कर साफ किया गया। कैंप में सभी ५० स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



26. सितम्बर २०२५ के तहत कुछ " राष्ट्रीय सेवा योजना" के कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें चित्रकला, नारालेखन आयोजन किया गया। इन चित्रकला प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का विषय" स्वच्छता की सेवा " यह था। इन सभी प्रतियोगिता में सभी स्वयंसेवकों ने बढ चढ कर भाग लिया। इस कैंप में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



27 सितम्बर २०१५ के तहत NSS की तरफ से "स्वच्छता अभियान"परिसर सौंदर्यीकरण किया गया। इसमें सर्वप्रथम नल के पास पूर्ण रूप से सफाई की गई एवं रसोईघर को साफ किया गया ,तथा हिन्दी एवं स्पोर्टस कक्ष की सफाई की गयी। इसके साथ ही मैदान में उगी अवांछित घास को उखाड़कर एवं कुडा - कर्कट को जलाकर साफ किया गया। इसके साथ आचार्य गण कक्षा एवं प्राचार्य कक्ष को भी साफ किया गया। में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



28 सितम्बर २०१५ को भारत " स्वच्छता पखवाड़ा" के तहत स्वच्छता के प्रति रैली निकालकर जनता को जागरूक किया गया । इस रैली के तहत सभी स्वंयसेवकों द्वारा' नारों से जनता को जागरूक किया गया तथा नगर के कूडे - ककर्ट को एक स्थान पर इकट्ठा करके जलाकर नष्ट किया गया । इस रैली के तहत सभी स्वंयसेवकों द्वारा की गई गतिविधियों को चित्र के रुप में लेकर गया My Bharat Portal पर भी अपलोड किया गया एवं समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया गया।।




30 सितम्बर २०१५ को "स्वच्छता पखवाड़ा "के तहत आचार्य सुरेश भारद्वाज जी द्वारा इस कार्यक्रम के 14 दिन की गतिविधियों के बारे में सक्षिप्त वर्णन किया। गया तथा साथ ही इस "स्वच्छता पखवाडा" विषय का उद्देश्य समझाया गया । यह सभी कार्य अध्यक्ष हितेश शर्मा एवं उपाध्यक्ष संगीता की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सभी NSS स्वंयसेवी उपस्थित रहे।




दिनांक १October को राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संदीप शर्मा जी के संरक्षण में आयोजित किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर व आसपास के चिन्हित स्थानों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के समन्वयक एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी आचार्य सुरेश शर्मा भारद्वाज ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा" पखवाडा चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है और उसी कडी में आज यह वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्वयंसेवियों ने आम, काफल, कटहल, लीची, नींबू, संतरा, नीम तथा सफेदे के वृक्षों को रोपा। इसके साथ साथ स्वयंसेवियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में संजना व वैशाली चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान इशिका शर्मा सुमन ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।तृतीय स्थान रजनीश एवं नीरज ने प्राप्त किया।
नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान करिश्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आंशिक एवं मानसी ने प्राप्त किया।तृतीय स्थान सृष्टि ने प्राप्त किया।
इन गतिविधियों को भारत सरकार के निर्देशों से माई भारत पोर्टल पर भी अपलोड किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सभी स्वयंसेवकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस कार्यक्रम में डा. गिरिराज शर्मा जी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सन्दीप शर्मा जी के साथ साथ डॉ. सन्नी कुमार, डा. ज्ञानेश्वर, कार्यक्रम अधिकारी आचार्य सुरेश शर्मा, डॉ. सुमिता शर्मा, डा. विनिता पॉल, श्रीमुहम्मद अली, श्रीमती नीरजा चौहान, श्री ताराचंद, श्री शशिपाल नेगी, श्रीमती बबीता देवी तथा श्रीनरेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इन गतिविधियों को भारत सरकार के निर्देशों से My Bharat Portal पर भी अपलोड किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी NSS स्वयंसेवकों के लिए अल्पहार की व्यवस्था की गई।




०२ अक्टूबर २०२५ को गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवको द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा का समापन दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। जिनमें साथ NSS के 50 स्वयसेवक उपस्थित हुए। समापन के साथ महात्मा गान्धी जयंती भी बड़ी धूम-धाम से मनायी गई। इस कार्यक्रम के तहत संगीत गायन, नृत्य, पहाडी नृत्य तथा पजाबी झलक दिखाई गई ।इकाई अधिकारी द्वारा इन सभी का महत्व बताया गया। अंत
में सभी स्वयंसेवकों को फलाहार सामग्री वितरण की गई।



•

राष्ट्रीय सेवा योजना के "स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम" का प्रतिवेदन
(दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024)

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने बढ चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संदीप शर्मा जी के संरक्षण में आयोजित किया गया।
एनएसएस स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई की तथा जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के समन्वयक आचार्य सुरेश शर्मा भारद्वाज ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित की जा रही है और उसी कड़ी में आज यह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इन गतिविधियों को भारत सरकार के निर्देशों से माई भारत पोर्टल पर भी अपलोड किया जा रहा है।

